# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, बलरामपुर वनमण्डल, बलरामपुर (छ०ग०)

☎07831-273091, 273092 (Office) 273093 (fax)*email :- dfobalrampur@gmail.com*

क्रमॉंक / मा.चि / 2735 बलरामपुर, दिनॉंक / 28/05/2019

प्रति,

वन परिक्षेत्राधिकारी,
राजपुर / बलरामपुर / रामानुजगंज

विषय :— राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 343 के अम्बिकापुर—रामानुजगंज मार्ग (जिला अम्बिकापुर, बलरामपुर, एवं सूरजपुर) तक 2—लेन / 4—लेन पेव्हड शोल्डर चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य के अंतर्गत संयुक्त स्थल सर्वेक्षण हेतु।

संदर्भ :— मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र पेंशन बाड़ा, रायपुर (छ0ग0) का ज्ञापन क्रमांक / 356 / कॉरीडोर / मु.अ. / रा.रा. / लो.नि.वि. / 12 / एन. एच. 343 रायपुर दिनांक 10.05.2019

———0000———

विषयांतर्गत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 343 के अम्बिकापुर—रामानुजगंज मार्ग (जिला अम्बिकापुर, बलरामपुर, एवं सूरजपुर) तक 2—लेन / 4—लेन पेव्हड शोल्डर चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य ई.पी.सी. पद्धति से किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग के माध्यम से M/s. Lion Engineering Consultants Bhopal को कन्सलटेन्ट नियुक्त किया गया है। संदर्भित पत्र से आवेदक संस्थान द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 343 के अम्बिकापुर—रामानुजगंज मार्ग में 2—लेन / 4—लेन पेव्हड शोल्डर चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य के सर्वेक्षण हेतु लेख किया गया है।

अतः निर्देशित है कि आप संबंधित क्षेत्र के परिक्षेत्र सहायक / परिसर रक्षक को क्षेत्र के सर्वेक्षण दौरान उपस्थित रहने एवं आवश्यक सहयोग देने हेतु निर्देशित करें साथ ही क्षेत्र में सर्वेक्षण के दौरान वन क्षेत्र को कोई भी क्षति न हो संस्थान द्वारा वन क्षेत्र को क्षति पहुँचाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

वनमण्डलाधिकारी
बलरामपुर वनमण्डल,बलरामपुर

पृ. क्रमॉंक / मा.चि. / 2736 बलरामपुर, दिनॉंक / 28/05/2019

प्रतिलिपि :—

1. मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र पेंशन बाड़ा, रायपुर (छ0ग0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।
2. संयुक्त वनवमण्डलाधिकारी बलरामपुर / राजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
बलरामपुर वनमण्डल,बलरामपुर

28/5/19